फोन / फैक्स : 0135–2621669 ई–मेल : director.rajaji@gmail.com

# कार्यालय–निदेशक / वन संरक्षक,
# राजाजी टाइगर रिजर्व, देहरादून, उत्तराखण्ड।

5 / 1, अंसारी मार्ग, देहरादून, 248001

पत्रांक 60 /12-1 देहरादून, दिनांक 11-09-2020

सेवा में,

निदेशक / वन संरक्षक,
राजाजी टाइगर रिजर्व,
देहरादून।

विषय:– **जनपद–पौड़ी गढ़वाल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित नोडखाल–माला किमी0 07 से कोटा मोटर मार्ग (लम्बाई–12.050किमी0) के नव निर्माण हेतु वांछित 7.465है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत् पी0एम0जी0एस0वाई0 दुगड्डा को प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव।**

सन्दर्भ :– PIU, Dugadda, PMGSY Works, Pauri Gahwal का पत्र दिनांक 02–07–2020

महोदय,

PIU, Dugadda, PMGSY Works, Pauri Gahwal का पत्र दिनांक 02–07–2020 द्वारा उक्त सन्दर्भित पत्र (प्रति संलग्न) से जनपद–पौड़ी गढ़वाल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित नोडखाल–माला किमी0 07 से कोटा मोटर मार्ग (लम्बाई–12.050किमी0) के नव निर्माण हेतु वांछित 7.465है0 (आरक्षित वन भूमि 1.050है0 एंव सिविल सोयम भूमि–6.415है0) भूमि का वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के तहत् गैर वानिकी कार्यों हेतु पी0एम0जी0एस0वाई0 को प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव इस कार्यालय में अग्रेतर कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराया गया है। प्रभाग स्तर से जांच /परीक्षण उपरान्त आवश्यक संस्तुति सहित विषयांकित प्रस्ताव की एक (03) हार्ड /स्कैन प्रति संलग्न प्रेषित है। विषयांकित मोटर मार्ग के निर्माण हेतु अपेक्षित भूमि का स्थलीय संयुक्त निरीक्षण एंव प्रभावित/वाधित होने वाले वृक्षों की गणना का कार्य अधीनस्थ स्टाफ, राजस्व विभाग व प्रस्तावक विभाग के कर्मचारियों /अधिकारियों द्वारा दि0 08–12–2018 को किया गया। प्रस्तावित मार्ग निर्माण में विभिन्न प्रजाति/व्यासवर्ग के कुल 215 (आरक्षित वन भूमि–20 एंव सिविल सोयम भूमि–195) वृक्ष प्रभावित /वाधित होने निहित है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के समरेखण का अद्योहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 05–09–2020 को स्थलीय निरीक्षण किया गया है।

अतः अनुरोध है कि प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही करने का कृपा करें।

**संलग्नक–: उक्तानुसार। (प्रस्ताव की एक (03) प्रति)।**

भवदीय,

**(पुनीत तोमर,IFS)**
**उप निदेशक/उप वन संरक्षक,**
**राजाजी टाइगर रिजर्व, देहरादून।**

पत्रांक 60 /दिनांकित।

प्रतिलिपि – PIU, Dugadda, PMGSY Works, Pauri Gahwal को उक्त सन्दर्भित पत्र के कम में।

**(पुनीत तोमर,IFS)**
**उप निदेशक/उप वन संरक्षक,**
**राजाजी टाइगर रिजर्व, देहरादून।**